## सार-समाचार

### तीन वार्डों में पेयजल का भारी संकट

**रूपवास** ।नगरपालिका परिक्षेत्र के वार्ड संख्या 16,17,18 में इस समय वार्डवासियों को पेयजल की किल्लत का भारी सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम को देखते हुए स्थानीय निवासी काफी परेशान है। पेयजल की समस्या के समाधान करवाने की मांग को लेकर तीनों वार्डों के लोगों की बैठक शिक्षिवद बैजनाथ शर्मा एवं बनवारी लाल पाराशर के मार्गदर्शन में बरखण्डेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में सभी लोगों ने सर्वसम्मति से चम्बल पानी लाओ और बरसाती पानी निकासी समस्या के निदान लिए ज्ञापन देने,धरना - प्रदर्शन करने एवं अनशन तक करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा मंगलवार सुबह 9.30 बजे बरखण्डेश्वर मंदिर से मुख्य बाजार होते हुए सैकड़ों की संख्या में एसडीएम को ज्ञापन देकर अल्टीमेटम देने की बात कही गई। समस्याओं का समाधान नही होने पर आगे की रणनीति बनाने का निर्णय लिया गया।इससे पहले बैठक में सभी कॉलोनीवासियों ने अपने अपने विचार रखे।

### पेयजल समस्या को लेकर पानी की टंकी पर ग्रामीण चढ़े

**भरतपुर** । जयचोली गांव के लोग पानी की समस्या का समाधान नहीं। होने पर ग्रामीण पानी की टंकी पर चढ़ गए। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने की समझायास। गाँव जयचौली के लोग लंबे समय से पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। पूर्व में भी कई बार भाजपा नेता व पंचायत समिति सदस्य दिनेश भातरा ने और जल जीवन मिशन के अधिकारियों को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन आश्वासन के सिवा आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो सकी। पानी की इस गंभीर किल्लत से त्रस्त होकर ठाामीणों का सब्र जवाब दे गया और उन्होंने पानी की टंकी पर चढ़कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। जैसे ही भाजपा नेता पंचायत समिति सदस्य दिनेश भातरा जिला मंत्री महावीर डागुर जिला मंत्री किसान मोर्चा लालसिंह व मोरध्वज नेता नेता मौके पर पहुंचे। एसडीएम को इसकी सूचना मिली, तो तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों से शांतिपूर्वक संवाद किया।

### एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम संपन्न'

**करौला** (निं.सं.)(फोटो-पी-2) भारत के चुनाव आयोग ने 9 अप्रैल को नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट आईआईआईडीईएम में मीडिया नोडल अधिकारियों, सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों और जिला जनसंपर्क अधिकारियों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया। ओरिएंटेशन का उद्देश्य मीडिया के उभरते परिदृश्य में चुनाव अधिकारियों के समन्वय और तैयारी को बढ़ाना था।

# 4 साल बाद भी उच्च जलाशय का निर्माण अधर में

- इससे अंतिम संस्कार के लिए शवों को श्मशान घाट तक ले जाना मुश्किल हो गया है।
- जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रकाश चंद्र मीणा ने बताया कि उच्च जलाशय की मानक ऊंचाई 22 मीटर स्वीकृत है।

**हिंडौन सिटी।** राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी जनता जल योजना, जिसका मकसद ठाामीण इलाकों में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है, खेड़ा जमालपुर गांव में नाकाम साबित हो रही है। गत चार वर्ष पूर्व स्वीकृत गांव में प्रस्तावित उच्च जलाशय के निर्माण के लिए दो साल पहले श्मशान घाट के मुख्य द्वार के पास खुदाई शुरू हुई थी, लेकिन निर्माण कार्य आज तक शुरू नहीं हुआ। इससे न केवल पेयजल संकट गहराया है, बल्कि श्मशान घाट में अंतिम संस्कार के लिए भी ठाामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुस्साए ठाामीणों ने सियाराम पटेल के नेतृत्व में सड़क जाम करने की चेतावनी दी है और प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग की है।

खेड़ा जमालपुर में पानी की कमी ने ठाामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। गांव के नलकूप और हैंडपंप अपर्याप्त साबित हो रहे हैं, जिसके चलते लोग दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। विशेष रूप से महिलाएं ओर मवेशी इस संकट की सबसे ज्यादा मार झेल रही हैं। स्थानीय निवासी सियाराम जाट ने बताया कि जनता जल योजना के तहत स्वीकृत उच्च जलाशय से कुछ उम्मीद जगी थी, लेकिन चार साल पहले शुरू हुई खुदाई के बाद निर्माण कार्य ठप है। संवेदक और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की उदासीनता से ग्रामीण हताश हैं। उच्च जलाशय के लिए श्मशान घाट के मुख्य द्वार के पास गहरे गड्ढे खोदे गए, जो अब बारिश में और खतरनाक हो सकते हैं।

इससे अंतिम संस्कार के लिए शवों को श्मशान घाट तक ले जाना मुश्किल हो गया है। ठाामीणों का कहना है कि यह स्थिति उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। हाल ही में गांव में पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू हुआ, लेकिन ठाामीण इसे बेमानी बता रहे हैं। सियाराम पटेल ने सवाल उठाया, जब पानी की टंकी का निर्माण ही नहीं हुआ, तो पाइपलाइन का क्या फायदा? ठाामीणों का आरोप है कि यह सब केवल दिखावा है।

निर्माण में देरी और पेयजल संकट से तंग आकर सैकड़ों ठाामीणों ने प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सियाराम जाट ने कहा, हमने जिला कलेक्टर से लेकर रात्रि चौपाल तक में शिकायत की, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला। अब हम और इंतजार नहीं करेंगे। ठाामीणों ने मांग की है कि एक सप्ताह में निर्माण शुरू हो और पेयजल आपूर्ति बहाल की जाए, वरना वे हिंडौन-करौली मार्ग पर धरना देंगे।

जनता जल योजना के तहत ठाामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के लिए जल स्त्रोतों का विकास और बुनियादी ढांचे का निर्माण होना है। और ठााम पंचायतें इसे लागू करने के लिए जिम्मेदार हैं। हालांकि, खेड़ा जमालपुर में योजना अपने उद्देश्यों से भटक गई है। ठाामीणों का आरोप है कि प्रशासनिक लापरवाही और संवेदक के साथ समन्वय की कमी ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रकाश चंद्र मीणा ने बताया कि उच्च जलाशय की मानक ऊंचाई 22 मीटर स्वीकृत है, लेकिन संवेदक ने 24 मीटर की मांग की है। इसके लिए अधिशासी अभियंता को कारण स्पष्ट करने का पत्र लिखा गया है। कारण प्राप्त होने पर 24 मीटर की स्वीकृति दी जाएगी, वरना 22 मीटर के डिजाइन के साथ निर्माण शुरू करवाया जाएगा। खेड़ा जमालपुर के ग्रामीणों की निगाहें अब प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैं। यह स्थिति न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि पूरे राजस्थान में जनता जल योजना की प्रगति पर सवाल उठाती है। क्या सरकार ग्रामीणों की उम्मीदों पर खरा उतरेगी, या यह संकट और गहराएगा? समय ही बताएगा

### शिक्षक संघ की बैठक में की कार्य योजना तैयार

**करौली** । राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला स्तरीय बैठक जिला अध्यक्ष अशोक कुमार मीना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संघ के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि बैठक में जिला महामंत्री गिरधारी लाल नामा ने प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में लिए गए निर्णयों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि जिले में शिक्षक संघ का सदस्यता अभियान एक मई से 14 मई तक आयोजित किया जाएगा जिसमें संगठन की विचारधारा को प्रत्येक शिक्षक तक पहुंचाने के लिए पंचायत स्तरीय कार्ययोजना तैयार की गई है। संगठन की प्रारंभिक इकाई के रूप में पंचायत संयोजक की सदस्यता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में सभी उपशाखा अध्यक्षों को सदस्यता रसीदों का वितरण किया गया। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष समय सिंह मीना ने कहा कि सदस्यता अभियान को शिक्षक सम्पर्क अभियान के रूप में लेकर उनकी समस्याओं का समाधान कराना सर्वोपरि है।बैठक में अम्बेडकर जयंती को समरसता दिवस के रूप में उपशाखा स्तर पर मनाने तथा 18 जुलाई को गुरु वंदन कार्यक्रम आयोजित करने पर चर्चा की गई।बैठक में प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सूरज मित्तल,मुखराज मीना,जिला उपाध्यक्ष नितिन सिंहल,मानवेंद्र सिंह,उपसभा अध्यक्ष गणेश सिंह,असलम खान,जिला सचिव मजरुद्दीन,जोगेंद्र , राधे श्याम जाटव, रामभजन जाटव, गणपत मीना, बत्ती लाल मीना, रामराजमीना, ओमप्रकाश गुप्ता सहित जिले की उपशाखाओं के अध्यक्ष मंत्री आदि पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## सार-समाचार

### नवोदय के स्थापना दिवस पर पक्षियो के लिए बांधे 111 परिंडे

**गंगापुर सिटी** । पीएम श्री जवाहर नवोदय स्कूल जाट बडौदा का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नवोदय प्रार्थना से हुई। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल के ?प्रिंसिपल डॉ. रमेश बाबू ने कहा कि नवोदय स्कूल ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करता है। यहां के छात्र शिक्षा और संस्कारों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। कई पूर्व छात्र आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर और इंजीनियर बनकर देश सेवा कर रहे हैं। पूर्व छात्रों की संस्था उजसा सोसाइटी के अध्यक्ष लाखन सिंह ने स्कूल से जुडे अपने अनुभव साझा किए। उजसा सोसाइटी ने स्कूल को वाटर कूलर भेंट किया। साथ ही गर्मियों में पक्षियों के लिए 111 परिंडे लगाए गए। कार्यक्रम में उजसा के कई सदस्य उपस्थित रहे। स्कूल के वरिष्ठ व्याख्याताओं ने अतिथियों का स्वागत किया। शिक्षक हेमंत केडी और हर्ष कुमार शिंदे ने कार्यक्रम में विशेष सहयोग दिया।

### भाजपाई बजरिया स्थित अंबेडकर स्मारक पर माल्यार्पण करेंगे

**गंगापुर सिटी** । देश के प्रथम कानून मंत्री एवं शिक्षाविद डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा गंगापुर शहर के बापू बाजार बजरिया स्थित डॉ अंबेडकर स्मारक पर सोमवार को प्रातः 8 बजे पहुंचकर माल्यार्पण कर उनके जीवन-परिचय पर चर्चा की जाएगी। भाजपा शहर मंडल प्रवक्ता धनेश शर्मा द्वारा उक्त जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित माल्यार्पण कार्यक्रम में पार्टी के सभी पूर्व व वर्तमान जनप्रतिनिधिगण, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, शक्ति केंद्र संयोजक ,समस्त बूथ अध्यक्ष सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं से प्रातः काल कार्यक्रम स्थल पर पधारने का आग्रह किया गया है।

### हत्याकांड का 48 घंटे में किया खुलासा

**करौली** । करौली पुलिस ने कार्यवाही करते हुए ज्ञान सिंह मीणा हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो बालकों को निरूद्ध किया है जिनके कब्जे से हथियार व एक फायर सुदा कारतूस भी बरामद किया गया है। ज्ञात रहे की घटना 9 अप्रैल को गांव बीजलपुर में दो गुटों में आपसी रंजिश को लेकर दो विधि से संघर्षरत बालकों ने मृतक ज्ञान सिंह को गोली मारकर हत्या कर दी थी जिस पर कुडगॉव थाने पर मामला दर्ज हुआ पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय द्वारा हत्या के मामले कि गंभीरता को देखते हुए कुडगॉव थाना, सपोटरा थाना, मामचारी थाना, डीएसटी करौली कि टीम गठित कि गई ।

# श्रीमहावीरजी जाते समय हिंडौन में रुकीं उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी

**हिंडौन सिटी।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी रविवार को श्रीमहावीरजी में आयोजित होने वाली भगवान महावीर स्वामी की वार्षिक मेले की रथ यात्रा में शामिल होने जा रही थीं। इस दौरान हिंडौन सिटी में उनका रुकना हुआ।

जिलाध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री का चुनरी और फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक दर्शन सिंह गुर्जर और पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव भी मौजूद थे। कार्यक्रम में हिंडौन मंडल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी, महू मण्डल अध्यक्ष सतवीर तिघरिया और सूरौठ अध्यक्ष पिंटू सोलंकी सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। हिंडौन देहात अध्यक्ष शिव गणेश जाट और खेड़ा मंडल अध्यक्ष गीता देवी भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान भाजपा नेता सतपाल चौधरी ने सड़क निर्माण में धांधली की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से की शिकायत, हिण्डौन में आरओबी से कोतवाली तक हो रहे सीसी सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता के लगाए आरोप, पीडब्ल्यूडी अधिकारियों एवं संवेदक की मिलीभगत से घटिया निर्माण की शिकायत, नियमों को दरकिनार कर हो रहे सड़क निर्माण की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। इस मामले में डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने सड़क की जांच कराने व दोषियों पर कार्रवाई का दिया आश्वासन । पार्षद दिनेश सैनी ने मुकन्दपुरा में विकास कार्यों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इसमें सड़क निर्माण, सीसी रोड और स्कूल की चारदीवारी निर्माण जैसी प्रमुख मांगें शामिल थीं। भाजपा पदाधिकारियों ने जिले की अन्य समस्याओं से भी उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया।

### साफ सफाई कार्यक्रम हुआ

**करौली** । भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन के निर्देश पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के उपलक्ष में एक दिन पूर्व बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की पानी से धुलाई एवं सफाई कार्यक्रम किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सुरेश शुक्ला,विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी, सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा,इंदुदेवी जाटव,मुकेश सालोत्री,अशोक वर्मा,आशीष जैन,तेजेंद्र सिंह जादौन,विक्की गुरू,मुकेश कुशवाहा, धर्म मीणा, नरेश लोधा,सुमित भट्ट,कपिल मित्तल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# क्लब मैनेजर को पीटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

- आरोपियों ने डिओना क्लब के जनरल मैनेजर के साथ मारपीट और लूटपाट की थी

**जयपुर।** श्यामनगर थाना पुलिस ने एस्कॉर्ट सर्विस चलाने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने डिओना क्लब के जनरल मैनेजर के साथ मारपीट और लूटपाट की थी। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि 13 मार्च को पीड़ित सुरेश नेहरा ने एक मामला दर्ज करवाया कि वह डिओना क्लब में जनरल मैनेजर के पद पर है। रात को साथी कर्मचारी मोनिस, बृजेश, नवरतन क्लब बंद करके नीचे आए। शगुन स्वीट्स के सामने खड़े हो गए। वहीं तीन लड़के व दो लड़कियां आपस में लड़ रहे थे। जिन्हे समझाया कि आप यहां पर लड़ाई मत करो।

यहां से जाओ। दोनों लड़कियों ने कहा कि हमारी गाड़ी आ रही है, उसमें चले जाएंगे। अचानक से एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी आई। एक लड़का निकला और बृजेश पर डंडे से वार किया। सुरेश नेहरा ने बताया कि इस पर मैंने उस गाड़ी में अंदर बैठे शक्स को कहा कि आप यहां पर लड़ने आये हो क्या? उतनी देर में एक अन्य गाड़ी आई। एक लड़का उतरा और मेरे सिर पर डंडे से दो-तीन वार किए। मेरे गले की चैन और मेरा मोबाइल सैमसंग एम-24 छीनकर ले गए।

जाते समय दोनों लड़कियों को भी ले गए। मेरी चैन छीनने के लिए गाड़ी के अंदर से हाथ डाला। फिर मुझे घसीटकर आगे ले गए। धक्का देकर रोड पर पटक दिया। पीड़ित की रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

इस पर पुलिस ने बदमाशों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिस पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी राजेन्द्र कुमार मीणा उर्फ राजू मीणा ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस चलाता है।

जो अपने साथियों के साथ मिलकर जयपुर शहर में ग्राहक के बताए होटल, मकान पर टैक्सी और अपनी गाड़ी से सप्लाई देता है। घटना के दिन भी राजेन्द्र मीणा ने सप्लाई दी थी। किसी बात को लेकर ग्राहक से झगड़ा हो गया। इस पर लड़कियां वापस आ गईं। फुटपाथ पर खड़ी हो गई।

राजेन्द्र मीणा अपने साथियों के साथ 2 गाड़ियों में गया। जाते ही बिना पूछे वहां खड़े लोगों पर उन्होंने हमला कर दिया। आरोपी घटना के बाद पुलिस से बचने के लिए जम्मू-कश्मीर घूमने चला गया।

आरोपी राजेन्द्र मीणा ने अपनी पूर्व पत्नी को छोड़ रखा है। जयपुर में किसी महिला मित्र के साथ रहता है। आरोपी राजेन्द्र मीणा बहुत ही चालाक किस्म का व्यक्ति है, जो अपनी गैंग के किसी भी सदस्य या जानकार को अपने फ्लैट के बारे में नहीं बताता है।

आरोपी एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर सप्लाई देने के बहाने कई बार मारपीट कर पैसे लेकर भाग जाता है। पीड़ित बदनामी के डर से पुलिस थाने तक नहीं आते हैं। पुलिस ने इस मामले में रामनगरिया निवासी 21 वर्षीय राजेंद्र मीणा उर्फ राजू मीणा और मानसरोवर निवासी 38 वर्षीय बलवंत सिंह को गिरफ्तार किया है।

### नौकर घर से तीन लाख के जेवरात लेकर फरार

**जयपुर।** गांधी नगर थाना इलाके में नौकर घर से तीन लाख रुपए के जेवरात लेकर फरार हो गया। पीडित ने नौकर को छह दिन पहले ही काम पर रखा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया कि नौकर का मालिक ने वेरिफिकेशन नहीं करवाया था।

जांच अधिकारी एएसआई राजसिंह के अनुसार जेकेडी लैंडमार्क बिल्डिंग के 702 नम्बर फ्लेट में रहने वाले हेमलता ऐलानी ने मामला दर्ज करवाया कि उसने 3 अप्रैल को फ्लैट नंबर 701 में रहने वाले सास ससुर की देखभाल करने के लिए परिचित बाबू नगर निवासी राम मेहरा के परिचित संदीप चौधरी को 3 अप्रैल को काम पर रखा था। 9 अप्रैल को उसने किसी काम से जाने की कहकर सामान लेकर चला गया। जब जांच की तो सामने आया कि सास के जेवरात गायब है। इस पर आरोपी से सम्पर्क करने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल बंद आया। आरोपी घर से तीन लाख रुपए जेवरात लेकर चला गया। आरोपी घर से सास से दो सोने के कंगन ले गया। इस पर पीडिता थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शिविरा आयोजन

**करौली** (निं.सं.) राजस्थान सरकार के चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार आज 14 अप्रैल को जिलेभर में ष्आयुष्मान आरोग्य शिविरोंष् का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर आयुष्मान भारत हेल्थ वेलनेस सेंटर आयुष्मान आरोग्य मंदिर के अंतर्गत आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2018 में शुरू की गई योजना की सातवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आमजन को सुलभ, निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। सीएमएचओ डॉ दिनेश चंद मीणा ने बताया कि शिविर में रोगियों का पंजीकरण किया जाएगा। हाइपरटेंशन, डायबिटीज, टीबी और सिकलसेल जैसे रोगों की स्क्रीनिंग होगी।नागरिकों के लिए श्आयुष्मान भारत डिजिटल मिशनश् (एबीडीएम) के अंतर्गत श्आभा आईडीश् बनाई जाएगी। विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। आवश्यक दवाइयां और जांचें निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। जरूरत होने पर टेली-कंसल्टेशन के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों की परामर्श सेवाएं दी जाएंगी।

# आपत्तियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 6 मई

**करौली** । जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना द्वारा राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 9, 10 एवं 101 में वर्णित शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले की पंचायत समितियों, ठााम पंचायतों एवं ठाामों के प्रस्तावित पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन एवं नवसृजन के लिए सूचना जारी की गई है।

पंचायत समिति के पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन एवं नवसृजन के प्रस्ताव 2025 के अनुसार करौली पंचायत समिति एवं मुख्यालय के तहत 25 ठााम पंचायतों, वहीं सपोटरा पंचायत समिति एवं मुख्यालय के तहत 31, मंडरायल पंचायत समिति एवं मुख्यालय हेतु 30, प्रस्तावित नवसृजित पंचायत समिति कुडगांव में 33, हिण्डौन पंचायत समिति में 25, श्रीमहावीरजी पंचायत समिति में 25, प्रस्तावित नवसृजित पंचायत समिति शेरपुर में 25, टोडाभीम पंचायत समिति में 24, प्रस्तावित नवसृजित पंचायत समिति बालघाट 26, मासलपुर पंचायत समिति में 24, नादौती पंचायत समिति में 38 ठााम पंचायतों का पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन एवं नवसृजन हेतु प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित पंचायत समितियों, ठााम पंचायतों एवं ठाामों के पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन एवं नवसृजन के संबंध में यदि किसी को कोई भी आपत्ति हो तो सर्वसाधारण द्वारा 6 मई तक आपत्तियॉ प्रस्तुत की जा सकती है। जिला कलेक्टर ने बताया कि उक्त अवधि की समाप्ति से पूर्व कोई भी व्यक्ति अपनी आपत्तियां संबंधित तहसीलदार, उपखण्ड अधिकारी अथवा जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट करौली (राज.) की संशोधित सूचना क्रमांक विकासध्पंस पुनर्गठन2025570 दिनांक 07 अप्रैल 2025 के अनुसार 1 से 25 तक करौली, 26 से 86 तक मण्डरायल, 87 से 119 कुड़गांव, 120 से 144 हिण्डौन, 145 से 169 श्रीमहावीरजी, 170 से 194 शेरपुर, वहीं 195 से 218 तक टोडाभीम, 219 से 244 बालघाट, 245 से 268 मासलपुर, 269 से 306 नादौती की प्रस्तावित पंचायत समितियों, ठााम पंचायतों के पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन एवं नवसृजन के संबंध में जारी सूचना। . जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट करौली (राज.) की सूचना क्रमांक विकासध् पंचायत पुनर्गठनध् 2025ध्558 दिनांक 07 अप्रैल 2025 के अनुसार पचांयत समिति करौली की प्रस्तावित ठााम पंचायतों एवं ठाामों के पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन एवं नवसृजन के संबंध में जारी सूचना। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट करौली (राज.) की सूचना क्रमांक विकासध् पंचायत पुनर्गठनध्2025ध्554 दिनांक 07 अप्रैल 2025 के अनुसार पचांयत समिति सपोटरा की प्रस्तावित ठााम पंचायतों एवं ठाामों के पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन एवं नवसृजन के संबंध में जारी सूचना। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट करौली (राज.) की सूचना क्रमांक विकासध् पंचायत पुनर्गठन2025552 दिनांक 07 अप्रैल 2025 के अनुसार पचांयत समिति मंडरायल की प्रस्तावित ठााम पंचायतों एवं ठाामों के पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन एवं नवसृजन के संबंध में जारी सूचना।

# जेडीए ट्रिब्यूनल के आदेश के बावजूद "नेगचार बाग" रेस्टोरेंट पर कार्रवाई नहीं कर रहे अफसर!

**मुख्य सीकर रोड पर आवासीय "गिरधर कॉलोनी" में बिना भू-रूपांतरण अवैध तरीके से बने इस नेगचार बाग रेस्टोरेंट एवं बैंक्वेट में संचालित है व्यवसायिक गतिविधियां**




- जेडीए प्रशासन 6 जनवरी 2021 को अवैध निर्माणकर्ता नवीन चौधरी और चंचल चौधरी के खिलाफ कोर्ट में पेश कर चुका है चालान, लेकिन कार्रवाई अब तक भी नहीं

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण के अपीलीय अधिकरण (जेडीए ट्रिब्यूनल) ने सीकर रोड पर सोनी मणिपाल हॉस्पिटल के सामने आवासीय "गिरधर कॉलोनी" में अवैध तरीके से संचालित नेगचार बाग रेस्टोरेंट एवं बैंक्वेट पर कार्रवाई के आदेश दिए है। ट्रिब्यूनल ने यह आदेश 4 अप्रैल 2025 को शिवांगन कंस्ट्रक्शन की ओर से दायर याचिका पर दिए।

इस आदेश में कहा गया कि जेडीए प्रशासन ने 8 फरवरी को नेगचार बाग रेस्टोरेंट के संचालक नवीन चौधरी और चंचल चौधरी को जो नोटिस जारी किया है, उस पर प्रभावी कार्रवाई की जाए, सिर्फ औपचारिकता के लिए ही नोटिस देकर खानापूर्ति नहीं करे।

दरअसल शिवांगन कंस्ट्रक्शन की ओर से जेडीए के खिलाफ ट्रिब्यूनल में परिवाद दिया गया था, जिसमें कहा गया कि रोड नंबर 1, सीकर रोड, जयपुर में आवासीय "गिरधर कॉलोनी" में बिना भू रूपांतरण अवैध तरीके से नेगचार बाग रेस्टोरेंट एवं बैंक्वेट का संचालन किया जा रहा है, जहां आएदिन शादी पार्टी और अन्य आयोजन होते रहते है। आवासीय कॉलोनी में यह रेस्टोरेंट पूरी तरह अवैध है, 6 जनवरी 2021 को जयपुर विकास प्राधिकरण भी अवैध रेस्टोरेंट बनाने वाले नवीन चौधरी और चंचल चौधरी के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश कर चुका है। जिसके बारे में जेडीए की तत्कालीन सचिव नलिनी कठोतिया ने 30 जनवरी को तत्कालीन नगरीय विकास मंत्री के शासन सहायक सचिव को जवाब भिजवाया था। इससे पहले जेडीए प्रशासन 7 अगस्त 2019 को भी इस रेस्टोरेंट संचालक को धारा 32 में नोटिस दे चुका है।

इस पूरे प्रकरण में सबसे ज्यादा हैरानी की बात यह है कि, वर्ष 2021 में चालान पेश होने और गत 4 अप्रैल 2025 को जेडीए ट्रिब्यूनल द्वारा नेगचार बाग रेस्टोरेंट पर प्रभावी कार्रवाई के आदेश दिए जाने के बावजूद अफसर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं?

# वीर अभिमन्यु नाटक का मंचन

**डीग-नगर** । नगर नगर में चल रहे श्री राम रथ यात्रा मेले में रात्रि को श्री धूमल कला मंडल नगर द्वारा वीर अभिमन्यु नाटक का शानदार और भव्य मंचन किया गया। वीर रस से संवाद संवादों पर दर्शक बार-बार तालिया बजाते नजर आए। नाटक का मंचन श्रीरामलीला कला मंडल के अध्यक्ष ब्रह्मानंद नायवाला के निर्देशन में पंडित राइट शर्मा ने लिखा। मंचन में श्रीकृष्ण और अर्जुन के समसप्तको से युद्ध करने के बारे में कौरव सेनापति गुरु द्रोणाचार्य द्वारा चक्रव्यूह की रचना बताई गई है, पांडव सेना में अर्जुन पुत्र अभिमन्यु के साथ और किसी योद्धा को इस चक्रव्यूह को तोड़ना नहीं आता।

जब अभिमन्यु ने गर्भ धारण किया था तब अर्जुन ने सुभद्रा को यह कथा सुनाई थी तब ही अभिमन्यु ने यह कला सीखी थी। लेकिन माता के निधन के कारण चक्रव्यूह से बाहर की कला नहीं सीखी गई। अभिमन्यु कौरव सेना को परास्त करते हुए सिंधु नरेश जयद्रथ को मुर्छित कर चक्रव्यूह के अंदर प्रवेश देते हैं, लेकिन महाबल शाली सरदार सिंधु नरेश अन्य किसी पांडव को अंदर प्रवेश नहीं देते हैं। अन्य सात महारथी द्रोणाचार्य दुर्योधन, दुशासन, कर्ण, शल्य, अश्वस्थामा, शकुनि धोखे से निशस्त्र अभिमन्यु को अन्याय पूर्व वध कर देते हैं।

इसके बाद अर्जुन काल संयकाल तक जयद्रथ का वध करने या वध ना कर पाने की स्थिति में स्वयं को जलती चिता में भस्म कर देने की शपथ लेता है। कृष्ण अर्जुन कैलाश भगवान शंकर से पशुपति अस्त्र लाते हैं, जहां जयद्रथ को द्रोणाचार्य साकट दर्शन में छिपा देते हैं। सायकाल पर जयद्रथ का प्रभाव नहीं है तो अर्जुन अपनी चिता सजाकर भस्म होना चाहते हैं, उसी समय भगवान कृष्ण की योगमाया द्वारा बंदलो में छिपकर सूर्य नक्षत्र है, तुरंत कृष्ण जन्म पर अर्जुन जयद्रथ का सिरपर अस्त्र से काट देते हैं, उनके बाद अभिमन्यु के पुत्र परीक्षित को हस्तिनापुर का राजतिलक किया जाता है। मंचन में कलाकारों ने किया शानदार अभिनय। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना और सरस्वती वंदना के साथ हुई। अभिमन्यु नाटक महाभारत कथा से लिया गया था।

निर्देशित वरिष्ठ साकिथ ब्रह्मानंद नोआचार्य ने बताया कि महाभारत युद्ध के 13वें दिन गुरु द्रोण की ओर से चक्रव्यूह की रचना की गई थी, इस दिन के युद्ध में कई वीरों की वीरगति प्राप्त हुई थी, लेकिन ऐसा एक भी योद्धा जो अभी भी प्राप्त नहीं हुआ था।

युद्ध की विभीषिका की पहचान, मात्र 16 वर्ष की आयु में युद्ध कौशल का परिचय देने वाले इस योद्धा को आज तक बड़े सम्मान के साथ याद किया जाता है। वह महान योद्धा अर्जुन और सुभद्रा के पुत्र वीर अभिमन्यु थे, मां के गर्भ में ही युद्ध कला को सीखने वाले इस अद्भुत बालक ने अकेले ही कौरव दल के बड़े-बड़े महारथियों को धूल चटा दी थी। युनाइटेड ने कहा कि मेले का सांस्कृतिक मंच ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे स्थानीय नवोदित कलाकारों के अंदर की छुपी हुई प्रतिभा को निखारा जा सकता है।

अभिमन्यु की शानदार भूमिका में पवन प्रधान, श्रीकृष्ण-जदीदी वर्मा, युधिष्ठिर-मनोजरा, अर्जुन-संतोष मिश्रा, नकुल-लव पांडा, सहदेव-विपिन तिवारी, भीम-रामेश्वर पंडित, उत्तरा-हेमंत, भगवान शंकर और परिक्षित-कुश पांडा, सुभद्रा-गोपाल शामिल हैं। द्रोणाचार्य-ब्रह्मानंद नाईवाला, जयद्रथ-दीपक शर्मा, दुर्योधन-मोहन जोशी, दुशासन-मुकेश जोशी, शकुनि-सुनील वोडाफोन, शल्य-विनोद गुल्लू, कर्ण-दीपक पांडा, अश्वस्थमा-नीरज प्रधान, दारुक-लालाराम सैनी, योगमाया का अभिनय-सोनू योगी ने किया। हारमोनियम पर नारायण सोनी, नक्कारा पर छिद्दामल राजस्थानी, ढोलक हरिओम राणा ने की। पवन प्रधान, मुकेश जोशी, दीपक शर्मा, मोहन जोशी के वीर रस के अभिनय से दर्शकों में हड़कंप मच गया।

उत्तरा के रूप में इलेक्ट्रानिक पॉलिटिक्स के अभिनय से दर्शक भावविभोर हो गए। अर्जुन के रूप में संतोष मिश्रा का बचपन का किरदार जबरदस्त था। मनोज कटारा के करुणामय अभिनय से दर्शकों की आंखें डबडबा गईं। बँटी देश वाल ठाुप का महाकाल नृत्य, मयंक सैन का तांडव नृत्य और गौरव के कठपुतली नृत्य ने समा बांध दिया।

इस कंपनी में रेजिडेंट एठाो, केदार राजेश पाठक, ओमान गजिया, अकरम पांडे, रामावतार शर्मा, सिनचाद पॉली, ठाकुर सिंह, निरंजन वर्मा, सुशील प्रधान, शंकर भगवान, संजय गोस्वामी, शांतिराम अशोक उपाध्याय, पुष्पेंद्र कौशिक, केदार गजिया, भागमल शर्मा, हरगोविंद शर्मा, जगनी गुरु, मोहिनी मिश्र, संजीव गुप्ता, योगी आदित्यनाथ शामिल हैं।